हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.1 डिग्री
न्यूनतम 9.4 डिग्री

11 आस्था से गूंजा अस्थल बोहर, बाबा मस्तनाथ मठ में ...



12 रसीले व मौसमी फलों की मांग बढ़ी, रिटेल में ..



### दोस्त दोस्त ना रहा : बहुअकबरपुर में खेतों के पास मिला तीन दिन से लापता युवक का शव

# दोस्त ने ही कर दी छात्र की गला रेतकर हत्या, जोहड़ में फेंका शव

**शहर में नहीं रुक रहा हत्याओं का सिलसिला सुरक्षा पर सवाल**

» **बीए फाइनल का छात्र था विकास मुख्य आरोपी दोस्त दीपक को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

» ***व्यक्तिगत रंजिश या अन्य कारण से वारदात को अंजाम दिया, हर एंगल से की जा रही जांच***

» ***ग्रामीणों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की, परिजन बोले, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में एक बीए अंतिम वर्ष के छात्र की निर्मम हत्या कर दी गई है। युवक का शव बहुअकबरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेतों के पास स्थित एक जोहड़ में बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसकी गर्दन और गले पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। वहीं, देर रात पुलिस ने हत्या के मामले को सुलझाते हुए मुख्य आरोपी दोस्त दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा।

बता दें कि सोमवार सुबह जब किसान अपने खेतों की ओर गए तो जोहड़ के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। शव संदिग्ध हालत में मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बहुअकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर ही एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया और उनकी टीम को भी बुलाया, जिसने साक्ष्य जुटाने का कार्य किया। पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।



रोहतक। मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एसएफएल टीम डॉ.सरोज दहिया।

**थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट**

अगले दिन 22 फरवरी को परिवार के सदस्य बहुअकबरपुर थाने पहुंचे और विकास की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी फोटो लेकर आसपास के थानों में भेजी और तलाश अभियान शुरू किया। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी गई, ताकि यह पता चल सके कि विकास आखिरी बार किन लोगों के साथ देखा गया था।

**दोस्त और परिचितों से पूछताछ**

पुलिस विकास के दोस्त दीपक सहित अन्य परिचितों से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि विकास किन परिस्थितियों में घर से निकला और उसके बाद क्या हुआ। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं व्यक्तिगत रंजिश या किसी अन्य कारण से तो वारदात को अंजाम नहीं दिया गया।

**मृतक की पहचान सिंहपुरा के विकास के रूप में हुई**

जांच के दौरान युवक की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान सिंहपुरा गांव निवासी विकास के रूप में हुई। विकास बीए फाइनल ईयर का छात्र था। पुलिस ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही मृतक के पिता सुरेश सिंह और मामा दलबीर घटनास्थल पर पहुंचे। परिवार की स्थिति बेहद व्यथित थी।

**21 फरवरी को घर से निकला था विकास**

परिजनों के अनुसार, विकास 21 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे घर से निकला था। उसने बताया था कि वह अपने दोस्त दीपक, जो सिंहपुरा गांव का ही रहने वाला है, के साथ मदीना गांव जा रहा है। रास्ते में गद्दी खेड़ी मोड़ के पास उसकी मुलाकात अपने मामा दलबीर से भी हुई थी। विकास ने उन्हें भी मदीना जाने की बात कही थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा।

**क्षेत्र में शोक और आक्रोश बढ़ा**

23 फरवरी की सुबह मामले ने दुखद मोड़ ले लिया, जब खेतों के पास जोहड़ में एक शव मिलने की सूचना मिली। छात्र की हत्या से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। परिवार ने भी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

**मामले का खुलासा जल्द किया जाएगा**

युवक के शव मिलने की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई। मृतक की पहचान हो चुकी है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों और समय को लेकर और स्पष्टता आएगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। *-महेश कुमार, थाना प्रभारी बहुअकबरपुर*

# पुलिस कहां है! 10 दिन में 3 हत्या लेकिन आरोपी पकड़ से बाहर

**दिल्ली बाइपास पर युवक, आईएमटी में मामा ने की भांजे की हत्या खेड़ी साध फायरिंग का खुलासा नहीं, अब जोहड़ में मिला छात्र का शव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में दस दिनों के भीतर तीन जघन्य हत्याओं और एक संदिग्ध अपहरण जैसे मामले ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अलग-अलग स्थानों पर हुई इन वारदातों ने आमजन में दहशत का माहौल बना दिया है। वहीं, सोमवार को बीए अंतिम वर्ष के छात्र का शव जोहड़ में मिला, तो दूसरी ओर दिल्ली बाइपास पर दिनदहाड़े 30 से अधिक गोलियां चलाकर एक युवक की हत्या कर दी गई। इसके बाद आईएमटी में मामा ने भांजे को मार डाला था। इसके अलावा गांव खेड़ी साध के पास गोलियों से छलनी कार में खून के निशान मिलने से सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह जब किसान खेतों की ओर पहुंचे तो बहुअकबरपुर थाना क्षेत्र में जोहड़ के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की।

**दिल्ली बाइपास पर दिनेश गोगा की हत्या**

इसी सप्ताह शहर की लाइफ लाइन माने जाने वाले दिल्ली बाईपास पर देर शाम एक और खौफनाक वारदात सामने आई। बदमाशों ने दिनेश गोगा पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 30 से अधिक राउंड फायर किए गए। दिनेश के शरीर पर 20 से ज्यादा गोलियों के निशान मिले हैं। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस को इस हत्याकांड में हिमांशु भाऊ गैंग पर शक है।

**खेड़ी साध: गोलियों से छलनी कार मिली**

गांव खेड़ीसाध के पास एक ब्रेजा कार लावारिस हालत में मिली थी। कार पर लगभग 20 राउंड फायरिंग के निशान थे। शीशे टूटे हुए थे और ड्राइविंग सीट पर खून के धब्बे मिले। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को बुलाकर कार की बारीकी से जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि वाहन गांव खेड़ीसाध निवासी सत्यवान के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस का अनुमान है कि फायरिंग के बाद हमलावर सत्यवान को अपने साथ ले गए।

**कानून-व्यवस्था पर उठते सवाल**

लगातार हो रही इन वारदातों से शहर में भय और आक्रोश का माहौल है। एक सप्ताह में दो हत्याएं और एक संदिग्ध अपहरण जैसे मामले सामने आने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। नागरिकों का सवाल है कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए। अब किसी की भी हत्याकर अपराधी फरार हो जाते है।

**गांव खेड़ी साध फायरिंग मामला**

## सत्यवान की गुमशुदगी की मिस्ट्री, धर्मेंद्र हत्या से जोड़कर जांच कर रही पुलिस

**रोहतक।** गांव खेड़ी साध के पास 20 फरवरी को रहस्यमयी घटना ने पूरे इलाके को चिंतित कर दिया। सत्यवान नामक व्यक्ति की गाड़ी लावारिश पड़ी मिली थी। गाड़ी के पास खून के धब्बे और गोलियों के खोल बरामद हुए थे, जबकि आसपास किसी का शव नहीं मिला था। इसके बाद सत्यवान के परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस सत्यवान की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक सुराग नहीं मिला है। जांच में सामने आया है कि सत्यवान का गांव के ही धर्मेंद्र के साथ पुराना विवाद चल रहा था। पुलिस मामले को धर्मेंद्र की हत्या से जोड़कर जांच कर रही है। 31 दिसंबर 2017 को धर्मेंद्र दोस्त दिनेश व प्रदीप के साथ घूम रहा था। धर्मेंद्र और रोहित गाड़ी में बैठे हुए थे, जब सत्यवान घर के सामने खड़ा था। उस रात विवाद बढ़ गया और सत्यवान ने पिस्तौल से फायर कर धर्मेंद्र की हत्या कर दी थी तबसे विवाद चला आ रहा है।

**परीक्षाएं आज से शुरू जिले में 44 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

# गांवों में बोर्ड परीक्षाओं में नकल हुई तो सरपंच पर दर्ज होगा केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांवों के परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाओं में अगर नकल होती है तो इसके लिए प्रशासन सरपंच को जिम्मेदार मानेगा। नकल होने पर सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी। परीक्षाओं को लेकर डीसी ने सोमवार को लघु सचिवालय में मीटिंग ली। इसमें उन्होंने दो टूक कहा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी परीक्षा केंद्रों से संबंधित गांवों के सरपंचों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक हिदायतें दें। यदि किसी ग्राम पंचायत में स्थित



रोहतक। परीक्षाओं के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

परीक्षा केंद्र पर भीड़ एकत्रित होती है या अनुचित साधनों का प्रयोग होता है तो संबंधित सरपंच भी जिम्मेवार होगा तथा संबंधित के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। डीसी ने कहा कि 25 फरवरी से शुरू हो रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्वक, नकल रहित व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। परीक्षाओं के लिए जिला में 44 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है। यह परीक्षाएं दोपहर बाद साढे 12 बजे से साढे 3 बजे तक आयोजित होगी। केंद्र अधीक्षक के अलावा परीक्षा केंद्र पर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं होगी।

## 2.5 लाख रिश्वत मांगने पर शुगर मिल के चीफ केमिस्ट काबू

**रोहतक।** हरियाणा में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए रोहतक सरकारी कर्मचारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। बता दें कि गांव भाली आनंदपुर स्थित हरियाणा सहकारी शुगर मिल से जुड़ा है। यूपी के देवरिया निवासी रणजीत सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी कि शुगर मिल के चीफ केमिस्ट मनोज कुमार ने उसकी फर्म के बिल की पेमेंट जारी करने, तैयार चीनी की गुणवत्ता को अनुकूल दर्शाने और फर्म



का प्रदर्शन बेहतर दिखाने के बदले ढाई लाख रुपये की रिश्वत मांगी है। शिकायत के आधार पर एसीबी अंबाला की टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। शिकायतकर्ता जब तय रकम लेकर मनोज कुमार के पास पहुंचा और राशि सौंपी, तो पूर्व निर्धारित संकेत मिलते ही टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एमडीयू: 21 छात्रों का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के जूलॉजी विभाग के लिए गर्व का क्षण है। विभाग के 21 विद्यार्थियों का हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। जूलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में डॉ. जगजीत सिंह, डॉ. अन्नू, डॉ. मोनिका यादव, डॉ. मोनिका भारद्वाज, डॉ. पिंकी देसवाल, डॉ. पूजा कादियान, डॉ. अन्नू वर्मा, शक्ति, नितीश सोनी, आकाश, निशा गुलिया, सुजाता, रोहित, दीक्षा रंगा, भरत सिंह, शिवानी, अंकिता यादव, अंकिता, नेहा, शीतल रानी तथा सचिन शामिल हैं। प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति, शोध वातावरण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता विभाग के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**पिछले सत्र में कुल 75 खेल नर्सरी चल रही थी, इसमें 41 सरकारी और 34 प्राइवेट**

***नर्सरियों में 8 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार पर किया जाता है चयन***

# खेल नर्सरी के लिए 334 आवेदन आए 287 प्राइवेट और 47 सरकारी के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में खेल नर्सरियों के लिए इस बार 287 ने प्राइवेट खेल नर्सरी के लिए आवेदन आए, सरकारी खेल नर्सरी के लिए 47 आवेदन और कुल मिलाकर 334 आवेदन आए हैं। पिछले सत्र में कुल 75 खेल नर्सरी चल रही थी इसमें 41 सरकारी और 34 प्राइवेट खेल नर्सरी आवंटित की गई थी। विभाग में आवेदन की अंतिम तिथि 22 फरवरी थी। विभाग की तरफ से मानकों को पूरा करने वाले आवेदकों को खेल नर्सरी आवंटित की जाएगी। इस बार ओलिंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल मुख्य खेलों को प्राथमिकता दी गई हैं। इसका उद्देश्य निचले स्तर पर प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें कम उम्र से ही पेशेवर प्रशिक्षण, कोचिंग और आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि स्कूल और पंचायतों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकेंगे।



**मानकों को पूरा करने वाले आवेदकों को खेल नर्सरी आवंटित की जाएगी**

इन नर्सरियों में 8 से 15 और 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार पर चयन किया जाएगा। खेल नर्सरी के आवेदक स्कूल, संस्थान के पास खेल विशेष का आधारभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, खेल उपकरण, योग्य प्रशिक्षक, आधार बेस्ड बायोमेट्रिक हाजिरी डिवाइस होना अनिवार्य है। खेल नर्सरी में प्रशिक्षक की नियुक्ति खेल नर्सरी संबंधित स्कूल, संस्थान व ग्राम पंचायत की तरफ से की जाएगी। मानकों को पूरा करने वाले आवेदकों को खेल नर्सरी आवंटित की जाएगी।

**खेल उपकरणों के लिए भी आवेदन मांगे**

खेल विभाग की तरफ से ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को खेल उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा खेल उपकरण योजना के तहत आवेदन मांगे जा रहे हैं। राज्य के युवाओं को वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हँडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, योगा व वेटलिफ्टिंग और क्रिकेट के खेल उपकरण उपलब्ध करवाएं जाएंगे। योजना के तहत ग्राम पंचायत व नगर निकाय के पास खेल का मैदान होना आवश्यक है। इसके लिए 31 मार्च तक इच्छुक ग्राम पंचायत व निकाय आवेदन कर सकते हैं।

**पेशेवर प्रशिक्षण दिया जाएगा**

युवा प्रतिभाओं को कम उम्र से ही पेशेवर प्रशिक्षण देने के लिए खेल नर्सरी योजना के तहत आवेदन मांगे जा रहे हैं। जिले में अब तक 287 आवेदन मिल चुके हैं, अंतिम तिथि 22 फरवरी थी। सरकार की ओर से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। -सुदेश दलाल, जिला कार्यवाहक खेल अधिकारी रोहतक



## खबर संक्षेप



### अधिकारी समस्याओं का तुरंत करें निदानः एडीसी

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की हर समस्या का तुरंत उचित निदान करें। संबंधित विभाग द्वारा समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नागरिक से बात करें तथा उसे विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी देकर संतुष्ट करें। वे सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर समस्या का यथासंभव शीघ्र समाधान करें ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते समय संबंधित नागरिक से बातचीत भी करें।शिविर में जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, डीएमसी जितेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता सीमा, एलडीएम महावीर प्रसाद, बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## तीन साल में 25,426 निरक्षरों को पढ़ाकर दिलाई साक्षरता परीक्षा

# उल्लास योजना के तहत निरक्षरों को साक्षर बनाने में रोहतक तृतीय

**वर्ष 2023 में 9 लाख साक्षर बनाने का रखा था लक्ष्य, 27,771 निरक्षरों ने किया था पंजीकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की उल्लास योजना के तहत निरक्षरों को साक्षर बनाने में रोहतक प्रदेश में तीसरे पायदान पर चल रहा है। रोहतक अब तक 25,426 निरक्षरों को पढ़ाकर परीक्षा में शामिल कर चुका है। इसमें कैथल ने 85 प्रतिशत लक्ष्य पूर करके पहले तो सिरसा 26 प्रतिशत के साथ अंतिम पायदान पर है। रोहतक की बात की जाए तो 81 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करके तीसरे स्थान पर है।

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत हरियाणा माध्यमिक निदेशालय ने वर्ष 2023 में उल्लास योजना के तहत प्रदेश के 9 लाख निरक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा था। रोहतक को तीन साल में 31,469 निरक्षरों को साक्ष्य बनाने का लक्ष्य मिला है। इसमें विभाग के वॉलंटियर और कर्मचारियों ने अब तक 25,426 निरक्षरों को पढ़ाकर परीक्षा में शामिल किया है। हालांकि, जिलास्तर पर 27,771 निरक्षरों का पंजीकरण किया गया है। उल्लास समन्वयक ने बताया कि पंजीकृत निरक्षकों को प्रथम चरण के तहत गिनती और हिंदी में लिखना-पढ़ाना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरक्षकों के लिए तीन पेपर हैं और तीनों अनिवार्य हैं।



रोहतक। सर्वे करते वॉलंटियर और कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में निरक्षरों तक पहुंचने में कैथल जिला सबसे आगे

कैथल को 50,067 निरक्षरों का लक्ष्य मिला है। इसमें जिलास्तर पर विभाग की टीम ने तीन साल में 42,756 निरक्षरों को पढ़ाकर परीक्षा का हिस्सा बना चुका है जबकि सिरसा को 60,444 का लक्ष्य मिला है मगर वह अभी तक 15,769 की ही परीक्षा ले सका है। अभी 44,675 का लक्ष्य बाकी है।

### परीक्षा के लिए पंजीकरण शुरू

मुख्यालय से मिले लक्ष्य के अनुसार जिले के वॉलंटियर और कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं। मार्च-2026 की परीक्षा के लिए भी पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए सभी टीमें सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

- इला, उल्लास एसएनए समन्वयक।

### सभी जिलों का डेटा क्रम अनुसार

कैथल में कुल लक्ष्य 50,067, साक्षर बने 42,756, कुरुक्षेत्र में कुल लक्ष्य 34,390, साक्षर बने 28,745, रोहतक में कुल लक्ष्य 31,469, साक्षर बने 25,426, चरखी दादरी में कुल लक्ष्य 16,653, साक्षर बने 13,069, भिवानी में कुल लक्ष्य 44,384, साक्षर बनेः 31,525, गुरुग्राम में कुल लक्ष्य 32,769, साक्षर बने 23,111, महेंद्रगढ़ में कुल लक्ष्य 31,302, साक्षर बने 20,649, सोनीपत में कुल लक्ष्य 44,540, साक्षर बने 28,154, पंचकूला में कुल लक्ष्य 14,513, साक्षर बने 8,853, हिसार में कुल लक्ष्य 70,663, साक्षर बने 41,963, करनाल में कुल लक्ष्य 55,431, साक्षर बने 31,020, झज्जर में कुल लक्ष्य 27,869, साक्षर बने 15,473, रेवाड़ी में कुल लक्ष्य 25,515, साक्षर बने 14,139, अंबाला में कुल लक्ष्य 31,172, साक्षर बने 16,548, पानीपत में कुल लक्ष्य 40,936, साक्षर बने 21,114, जींद में कुल लक्ष्य 57,604, साक्षर बने 29,618, पलवल में कुल लक्ष्य 43,102, साक्षर बने 21,938, यमुनानगर में कुल लक्ष्य 39,897, साक्षर बने 19,364, फरीदाबाद में कुल लक्ष्य 45,496, साक्षर बने 20,086, फतेहाबाद में कुल लक्ष्य 45,027, साक्षर बने 15,492, नूंह में कुल लक्ष्य 56,757, साक्षर बने 16,329 और सिरसा में कुल लक्ष्य 60,444, साक्षर बने 15,769।

## हिन्दू संस्कृति ने विश्व को सत्य का मार्ग दिखाया: व्यास



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीताराम व्यास,महामंडलेश्वर डॉ स्वामी परमानंद महाराज डॉ. आदित्य बत्रा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- लीला कला मंच ने गुरु वंदना व लोक नृत्य पर दी भव्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हुडा कांप्लेक्स रोहतक में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया। यह सम्मेलन विजय भारती हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा भव्य तरीके से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक रमन गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सीताराम व्यास ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दू संस्कृति ने सदैव विश्व को सत्य, उदारता और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। अपनी संस्कृति का गौरवशाली रहा, किंतु जाति, भाषा और पंथों में बंटने के कारण हमें परेशानी उठानी पड़ती है। संत समाज से महामंडलेश्वर डॉ स्वामी परमानंद महाराज की गरिमामई उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि रामअवतार गुप्ता , कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम कपूर , मुख्य वक्ता के रूप में सीताराम व्यास, विशिष्ट अतिथि के रूप में आशा आहूजा , गुलशन नारंग एवं विनय गोयल की उपस्थिति रही। कलश यात्रा के आगमन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसकी संयोजक मंजू गर्ग जी रही। भजनों के साथ पूरा प्रांगण भक्तिमय हो गया। एमटीएफसी की छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुई। लीला कला मंच के द्वारा गुरु वंदना एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भवानी डांस क्लासेस की ओर से भी प्रस्तुति दी गई। दिनकर जी की कविता 'कृष्ण की प्रतिज्ञा'की शानदार प्रस्तुति सविता ने दी।

# जागरूकता अभियानों में भाग लेने का आह्वान

- सत जीन्दा कॉलेज में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलानौर

सत जीन्दा कॉलेज कलानौर के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। इस शिविर का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद एवं कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष शादी लाल बत्रा व सचिव महेन्द्र कुमार खुराना द्वारा विधिवत रूप से किया गया। बत्रा ने कहा कि एन.एस.एस. शिविर विद्यार्थियों में सेवा-भाव, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करने और पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया तथा सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की सफलता की कामना की। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने अपने वक्तव्य में कहा कि एन.एस.एस. शिविर विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जोड़ने का माध्यम है, जिससे उनमें टीमवर्क, सहानुभूति और सामाजिक चेतना का विकास होता है। एन.एस.एस. विशेष शिविर के अंतर्गत गर्ल्स यूनिट का शिविर कलानौर में तथा बॉयज यूनिट का शिविर गांव आंवल में आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, डिजिटल लिटरेशी, साईबर सिक्योरिटी, नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्य आयोजित किए जाएंगे।





कलानौर। विद्यार्थियों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद एवं कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष शादी लाल बत्रा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

प्रोग्राम ऑफिसर्स ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के थीम, मोट्टो तथा शिविर में करवाई जाने वाली गतिविधियों की जानकारी भी दी। समारोह में प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मानसा राय तथा प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. उमेश कुमार सहित कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।

## विद्यार्थियों ने गणित के विषयों पर दी प्रेजेंटेशन

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक के गणित परिषद की ओर से पावर प्वाइंट एंड चाक एंड बोर्ड प्रेजेंटेशन पर आधारित प्रतियोगिता रखी गई । मुख्य अतिथि नरेंद्र हुड्डा ने छात्राओ को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए गणित के विभिन्न विषयो से संबंधित आकर्षक प्रेजेंटेशन दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शमशेर हुड्डा ने इस प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया और छात्राओं को उनकी भागीदारी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. यशपाल, गणित परिषद के कन्वीनर डॉ. सुषमा व गणित विभाग के सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस और आम जनता में संपर्क एवं संवाद होना आवश्यक : मनीष ग्रोवर

- विकास बंसल ने सम्भाला सीएलजी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच संपर्क व संवाद का तालमेल होना बहुत जरूरी है ताकि जरूरतमंद और पीड़ित लोगों को पूरी ईमानदारी से न्याय मिले। हरियाणा सरकार की लगातार कोशिश है कि लोगों को इंसाफ के लिए भटकना ना पड़े। पूर्व मंत्री ग्रोवर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कोषाध्यक्ष विकास बंसल द्वारा सीएलजी के तौर पर कार्य संभालने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि सीएलजी पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय (संपर्क) बनाने वाला एक समूह होता है। इस समूह का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देना जैसे महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, अशोक चौधरी,हरीश कौशिक, चैयरमेन खुशीराम हुडा, पवन आहूजा, अमित मग्गू, मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।



रोहतक। सीएलजी की नियुक्ति पर विकास बंसल को मिठाई खिलाते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# मुख्यमंत्री सैनी की महम में रैली जल्द सरपंचों को बड़ौली ने दिया आश्वासन

- एक साल से विकास की बाट जोह रही हलका महम की जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

जल्द ही महम विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रैली कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने महम के विभिन्न गांवों के सरपंचों को इस बात का भरोसा दिलाया है। लाखन माजरा खंड सरपंच एसोसिएशन की प्रधान एवं खरैंटी गांव की सरपंच मनीषा के ससुर जगबीर पहलवान ने बताया कि दो दिन पहले ही महम हलके के कई सरपंच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से सोनीपत में मिले थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से महम हलके में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली करवाने की मांग की थी। मोहन लाल बड़ौली ने आश्वासन दिया है कि मार्च महीने में मुख्यमंत्री की महम रैली के लिए समय मुकर्रर हो जाए। भैणीचंद्रपाल गांव के सरपंच शिवराज को सस्पेंड किया गया था। जिनको बाद में बहाल कर दिया गया था।

### ज्यादा से ज्यादा सरपंच पार्टी के साथ जुड़ें

बहाल होने की खुशी में शिवराज सरपंच प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को बधाई देने के लिए सोनीपत पहुंचे थे। उनके साथ इलाके के कई गांवों के अन्य सरपंच भी थे। भाजपा नेता चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा सरपंच पार्टी के साथ जुड़ें। इसलिए वहां पर भाजपा नेताओं ने ऐसी खिचड़ी पकाई की सरपंच भी उसको देखकर भौंचक्के रह गए। कुछ ही पल में सभी सरपंचों के गले में भाजपा का पटका था। सरपंच अपने अपने गांव के विकास कार्यों का मांग पत्र भी साथ लेकर पहुंचे थे। सरपंचों ने सोचा कि यदि अब आनाकानी की तो वे सरकारी ग्रांट से वंचित रह जाएंगे। कई सरपंचों को भाजपा का पटका गले में सुहा नहीं रहा था, लेकिन सरपंच बेचारे क्या करते। गांव का विकास करवाना है तो सरकार से तालमेल तो बैठाना ही पड़ेगा। विधानसभा चुनाव को एक साल से भी अधिक समय बीत चुका है। लेकिन अब तक मुख्यमंत्री ने महम में अभी तक कोई जनसभा या रैली नहीं की है। महम भाजपा के स्थानीय नेता भी पिछले कई महीने से सीएम की रैली के लिए प्रयास कर रहे हैं। लेकिन अभी तक समय नहीं मिल पाया है।

## शिवाजी कॉलोनी की 41 दुकानों का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

- मंत्री बोले पॉलिसी से बाहर, फिर भी सरकार कर रही विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिवाजी कॉलोनी मार्केट की 41 दुकानों का मामला सोमवार को हरियाणा विधानसभा में प्रमुखता से उठा। कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने बजट सत्र के दौरान स्टार्ड प्रश्न के माध्यम से सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा और दुकानदारों को राहत देने की मांग की। बत्रा ने सदन में कहा कि शिवाजी कॉलोनी मार्केट की 41 दुकानें नगर निगम रोहतक द्वारा निर्मित हैं और पिछले 25 वर्षों से निगम दुकानों का किराया वसूल करता आ रहा है। सवाल उठाया कि जब संबंधित सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन नहीं है और दुकानें निगम की ओर से बनाई गई हैं, तो फिर दुकानदारों को मालिकाना हक देने में अड़चन क्यों है? यह भी कहा कि पूर्व में राइट ऑफ वे के आधार पर दुकानों के ट्रांसफर को आपत्ति लगाकर रोक दिया गया था, जिससे वर्षों से व्यापार कर रहे दुकानदारों के सामने अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बत्रा ने सरकार से मांग की कि इस मामले को विशेष केस मानते हुए लीज/किरायेदारों को मालिकाना हक प्रदान किया जाए। कहा कि छोटे व्यापारियों की आजीविका और भविष्य को सुरक्षित करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सदन में कहा "यह मामला वर्तमान पॉलिसी के दायरे में नहीं आता है, लेकिन सरकार पूरे प्रकरण पर गंभीरता से विचार कर रही है।"

## स्वयंसेवकों को ध्यान का अभ्यास करवाया

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत एनएसएस गीत एवं राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने स्वयंसेवकों को शुभाशीर्वाद देते हुए सेवा, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात हार्टफुलनेस क्लब की ओर से आए प्रशिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को मन को एकाग्र करने हेतु आत्मचिंतन एवं ध्यान अभ्यास करवाया गया, जिससे विद्यार्थियों में मानसिक शांति और सकारात्मक सोच का विकास हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने गांव के तालाब का भ्रमण किया तथा ग्रामीणों से तालाब के महत्व, उसके संरक्षण और पारंपरिक उपयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉ. मनीषा ने जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया और जल को स्वच्छ रखने हेतु सामूहिक संकल्प भी दिलवाया।

## डीसी से संतोषजनक जवाब न मिलने पर किसानों में रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

पिछले साल मानसूनी सीजन में खराब हुई फसल के मुआवजे की मांग की को लेकर बहलबा गांव के किसान जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से मिले। लेकिन डीसी द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न मिलने से किसानों में भारी रोष है। बहलबा गांव निवासी किसान विनय और अन्य ने बताया कि हमारे गांव की खरीफ सीजन के दौरान अत्यधिक बारिश और जलभराव से गांव की सैकड़ों एकड़ धान ,बाजरे और अन्य खड़ी फसल बर्बाद हो गई थी। पानी की समय पर निकासी न होने से नुकसान 100 प्रतिशत हो चुका था। जिसके बाद अधिकारियों ने हमारे गांव का दौरा भी किया था और उन्होंने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण करवा दिया था। लेकिन अब तक उन्हें उस नुकसान का आज तक मुआवजा नहीं मिला है। लेकिन उनकी कहीं पर सुनवाई नहीं हो रही। सोमवार को फिर से किसान अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। प्रभावित किसानों ने फसल खराबे के मुआवजे की मांग की है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में प्री-मानसून की तैयारियों को लेकर व्यापक समीक्षा बैठक

# जलभराव रोकने व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए काम करें अफसर

**क्रियान्वयनाधीन एवं प्रस्तावित जलापूर्ति परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या की रोकथाम तथा सुरक्षित पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्री-मानसून तैयारियों की व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में पुराने जलभराव स्थलों, मौजूदा अवसंरचना क्षमता तथा क्रियान्वयनाधीन एवं प्रस्तावित प्रमुख जलापूर्ति परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। ग्रीष्म एवं मानसून काल में जल सुरक्षित एवं जलभराव मुक्त शहरी क्षेत्र सुनिश्चित करने के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने दीर्घकालिक जलभराव स्थलों की समीक्षा करते हुये पिछले मानसून के अनुभव एवं विभागीय फीडबैक के आधार पर चिन्हित स्थलों की समीक्षा की। इन स्थलों में जींद रोड क्षेत्र के निम्न स्तर वाले हिस्से, दिल्ली रोड से सटे आवासीय क्षेत्र, रेलवे रोड-शीला बाईपास क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड एवं आसपास के व्यावसायिक क्षेत्र, कलानौर कस्बे की मुख्य सड़क, चयनित वार्डों की आंतरिक कॉलोनियां शामिल है।





रोहतक। जलापूर्ति परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### ये रहे मौजूद

डीसी ने कहा कि बोहर एवं गढ़ी-बोहर में अनुमानित लागत 210.51 करोड़ की राशि से कच्चे पानी की पंपिंग एवं जलघरों का उन्नयन किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्य मुख्यालय को अनुमोदन के लिए भेजा गया है। पुरानी पाइपलाइनों को बदलने के प्रस्तावित कार्य पर 16.63 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने का प्रावधान है। यह कार्य पूर्ण होने पर लीकेज एवं दूषित जल की शिकायतों में कमी आयेगी, जिससे मुख्यालय को अनुमोदन के लिए प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल के अलावा अन्य संबंधित विभागों उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, महम, कलानौर व सांपला नगर पालिका के सचिव, सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 26 बूस्टिंग स्टेशन

डीसी ने कहा कि वर्तमान जलापूर्ति अवसंरचना की समीक्षा की। तकनीकी प्रस्तुति के अनुसार रोहतक शहर की जलापूर्ति व्यवस्था नहर आधारित है, जिसमें जेएलएन कैनाल व बीएसबी कैनाल से कच्चा पानी लिया जाता है। शहर में 4 प्रमुख नहर आधारित जलघर स्थित है तथा 26 बूस्टिंग स्टेशन है। नव सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों में 9 अतिरिक्त जलघर है। उन्होंने मुख्य जलघरों की समीक्षा की, जिनमें जलघर नं. 1 (सोनीपत रोड), जलघर नं. 2 (झज्जर रोड), जलघर नं. 3 (सेक्टर-34, सोनीपत रोड) व जलघर नं. 4 (जाट संस्थान क्षेत्र) शामिल हैं। उपायुक्त ने बताया कि आईडीसी जलघर का 12 करोड़ 45 लाख की लागत से निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा परीक्षण प्रगति पर है। जिसका संचालन 15 मार्च तक करना प्रस्तावित है।



रोहतक। जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### फसली के साथ अन्य ऋण उपलब्ध कराएं बैंक :डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि फसली ऋणों के अतिरिक्त बैंकों को अन्य सरकारी योजनाओं के तहत भी पात्र लाभार्थियों को सक्रिय रूप से ऋण उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को समग्र वित्तीय सहयोग मिल सके। कहा कि ऋण वितरण में विविधता लाना किसानों की आय सुदृढ़ करने और टिकाऊ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। डीसी गुप्ता सोमवार को कैंप कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मीटिंग में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए स्केल ऑफ फाइनेंस (वित्त के पैमाने) को अंतिम रूप देने तथा जिला में ऋण प्रवाह की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अनुमोदित सिफारिशों को अंतिम स्वीकृति हेतु राज्य स्तरीय तकनीकी समिति को भेजा जाएगा, जिससे किसानों, डेयरी संचालकों, मत्स्य पालकों, मधुमक्खी पालकों एवं अन्य लाभार्थियों को संस्थागत वित्त तक सुगम पहुंच सुनिश्चित हो सके।सचिन गुप्ता ने कहा कि रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा पैक्स के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## मासूम ने माफी न मांगी तो नहीं होने देंगे प्रोग्राम

**महम।** खरैंटी की सरपंच मनीषा व उनके ससुर पूर्व सरपंच जगबीर ने मासूम शर्मा की मुआना में पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि या तो मासूम पूर्व सरपंच से माफी मांगें, नहीं तो लाखन माजरा और महम खंड के गांवों में मासूम शर्मा को कोई कार्यक्रम नहीं करने दिया जाएगा। एक कलाकार होते हुए इस तरह जनप्रतिनिधियों के खिलाफ टिप्पणी करना उनकी ओच्छी मानसिकता को दर्शाता है। ब्राह्मण समाज से बहुत महान गायक व कलाकार हुए हैं। आज भी उनको सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। मासूम शर्मा को पूर्वज कलाकारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और घमंड नहीं दिखाना चाहिए।

## जिले में 10,400 विद्यार्थियों से वापस लिए जाएंगे टैबलेट

**रोहतक।** राजकीय विद्यालयों में जिले से 10वीं और 12वीं कक्षा के 10,400 विद्यार्थियों से स्मार्ट टैबलेट वापस लिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। विभाग की ओर से बोर्ड परीक्षाओं के चलते टैबलेट लिए जाएंगे ताकि अगले सत्र के विद्यार्थी भी इनका लाभ ले सकेंगे। 10 वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। सभी बोर्ड कक्षाओं के छात्रों के टैब (चाहे वह जिस भी अवस्था में हो) उन्हें वापस लेकर स्टॉक में रखे जाएंगे। राजकीय विद्यालयों में विभाग की ओर से ऑनलाइन पढ़ाई के बच्चों को दिए टैबलेट स्कूल के बफर स्टॉक में जमा किए जाएंगे। टैब के गुम होने या टूटे होने की अवस्था में बच्चों से अंडरटेकिंग- एफआईआर की कॉपी ली जाएगी।

### वार्षिक मेले में संतों के प्रवचन व नए ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन बना आकर्षण

# आस्था से गूंजा अस्थल बोहर, बाबा मस्तनाथ मठ में उमड़ा जनसैलाब

■ 25 तक चलने वाले मेले के पहले ही दिन हजारों श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** समाधि स्थल पर पूजा अर्चना करते स्वामी अवधेशानंद गिरी ,उप आचार्य स्वामी कपिल पुरी महाराज ,पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व मठ के गद्दीनशीन महंत बालकनाथ योगी व ऑपरेशन थिएटर में मशीन का शुभारंभ करते मठ के गद्दीनशीन महंत बालकनाथ योगी व चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक सागर प्रीत हुड्डा।




**रोहतक।** मठ के गद्दीनशीन महंत बालकनाथ योगी व बाबा मस्तनाथ मेले के अंदर हेलीकाप्टर बना चर्चा का केंद्र, बच्चों की लगी रही भीड़। फोटो : हरिभूमि

सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में सोमवार सुबह तीन दिवसीय वार्षिक मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। 23 से 25 फरवरी तक आयोजित इस मेले के पहले ही दिन हजारों श्रद्धालु मठ परिसर में पहुंचे। तड़के से ही समाधि मंदिर के बाहर लंबी कतारें लग गईं और श्रद्धालु मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

मेले की शुरुआत सुबह करीब 5 बजे विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। मठ के गद्दीनशीन महंत बालकनाथ योगी ने विधिवत आरती कर मेले का शुभारंभ किया। जय बाबा मस्तनाथ के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व्यवस्था खोली गई, जहां दिनभर आस्था का सिलसिला चलता रहा। सायंकाल भव्य भजन-संध्या और आरती का आयोजन हुआ, जिसमें देर रात तक श्रद्धालु जमे रहे। मेले के अवसर पर मठ परिसर को फूलों, तोरण द्वारों और आकर्षक झांकियों से सजाया गया है। समाधि मंदिर को सुगंधित पुष्पों और दीपमालाओं से अलंकृत किया गया। शाम ढलते ही रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता परिसर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। नागा साधुओं सहित नाथ संप्रदाय के संत-महंतों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। प्रवचन सत्र में संतों ने बाबा मस्तनाथ के तप, त्याग और समाज सेवा के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके जीवन मूल्यों और शिक्षाओं को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### जूना अखाड़े से पहुंचे स्वामी अवधेशानंद गिरि ने समाधि मंदिर में दर्शन किए

इस अवसर पर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने समाधि मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उप आचार्य स्वामी कपिल पुरी महाराज, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव तथा चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक सागर प्रीत हुड्डा भी मेले में पहुंचे। पुलिस महानिदेशक सागर प्रीत हुड्डा ने मठ परिसर का भ्रमण भी किया। इस दौरान महंत बालकनाथ योगी ने उन्हें श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फार्मेसी सहित विभिन्न संकायों की जानकारी दी। इसके पश्चात मठ परिसर स्थित नेत्र चिकित्सालय में आधुनिक मशीनों से सुसज्जित नए ऑपरेशन थिएटर का विधिवत उद्घाटन मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

### यह तीन दिवसीय मेला सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक

महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने और कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। तीन दिवसीय यह भव्य आयोजन 25 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसमें संत प्रवचन, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलती रहेगी। लगातार बढ़ती भीड़ से मठ परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। मेले के तीनों दिन विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। पेयजल, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग

# सुपवा की फिल्म 'सृजन' को स्पेशल ज्यूरी मेंशन अवार्ड

■ नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ जेआईएफएफ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के छात्रों द्वारा तैयार शॉर्ट फिल्म 'सृजन' को 18वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 (जेआईएफएफ) में स्पेशल ज्यूरी मेंशन अवार्ड से नवाजा गया है। जेआईएफएफ का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया गया, जहां 'सृजन' की स्क्रीनिंग की गई। 'सृजन' का निर्माण (प्रॉड्यूसर) डीएलसीसुपवा ने कराया है। जेआईएफएस की ओर से आयोजित अवार्ड सेरेमनी में सृजन के निर्देशक हेमांग व्यास ने पुरस्कार व सर्टिफिकेट हासिल किया। डीएलसीसुपवा के फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के एफसी महेश टीपी ने बताया कि जेआईएफएफ में 'सृजन' को अवार्ड मिलने से सुपवा के छात्रों के रिकॉर्ड में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। 'सृजन' इससे पहले देहरादून फिल्म फेस्टिवल, दादा साहब फाल्के फिल्म फेस्टिवल 2026 और आंध्र प्रदेश फिल्म फेस्टिवल 2025 में भी वाहवाही बटोरी चुकी है। पांचवें सेमेस्टर के छात्रों द्वारा तैयार 8 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म के निर्देशक हेमांग व्यास हैं। सिनेमैटोग्राफी हैप्पी कुमार (डीओपी) द्वारा की गई है, जबकि संपादन की जिम्मेदारी अभी वैद ने निभाई है। ध्वनि संयोजन में पुलकित शर्मा (ऑडियोग्राफर) और कला निर्देशन में छैल शर्मा (आर्ट डायरेक्टर) व शीतल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जबकि, काव्या शर्मा आर्ट असिस्टेंट रही।

### सुपवा परिवार के लिए गर्व की बात: आर्य

शॉर्ट फिल्म 'सृजन' को जेआईएफएफ में स्पेशल ज्यूरी मेंशन अवार्ड मिलने पर डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि यह पूरे सुपवा परिवार के लिए गर्व की बात है। पढ़ाई के दौरान बनाई कोर्स फिल्म 'सृजन' को जिस तरह से अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल में सराहना मिल रही है, उससे साफ है कि आगे चलकर सुपवा के छात्र हॉलीवुड व बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाएंगे।

### अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकती हैं रचनाएं

डॉ आर्य ने कहा कि डीएलसीसुपवा द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म 'सृजन' न केवल एक कलाकार की आंतरिक पीड़ा और उसकी सृजनात्मक यात्रा को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि शैक्षणिक संस्थानों से निकलने वाली रचनाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली पहचान बना सकती हैं। यह फिल्म कला, संवेदना और संघर्ष की कहानी को यथार्थ के बेहद करीब लाकर प्रस्तुत करती है, जो कलाकार के मौन संघर्ष को एक सशक्त स्वर देती है। यहां की फिल्में लगातार विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चयन होते हुए डीएलसीसुपवा की रचनात्मक क्षमता और शैक्षणिक गुणवत्ता को रेखांकित करती है।

# एचडीसेट 3.0 में 800 विद्यार्थियों की भागीदारी

■ छात्रवृत्ति परीक्षा बनी प्रतिभा और विश्वास का सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित एचडीसेट 3.0 (छात्रवृत्ति-सह-प्रवेश परीक्षा) ने इस वर्ष एक नया इतिहास रच दिया। परीक्षा में 800 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन केवल प्रवेश प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देने वाला प्रेरक मंच सिद्ध हुआ। परीक्षा के दौरान अभिभावकों की बड़ी उपस्थिति और विद्यालय में बढ़ती रुचि ने संस्थान की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। परीक्षा के बाद अनेक विद्यार्थियों ने विद्यालय में प्रवेश लेकर एच.डी. परिवार का हिस्सा बनने का निर्णय लिया, जो विद्यालय पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। हाल ही में घोषित जेईई मेंस के परिणामों में भी विद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को दर्शाती है। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का है।

## 27 महिलाओं की हुई मैमोग्राफी



**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक द्वारा आयोजित विश्व रोटरी दिवस के अवसर पर डीएलएफ कालोनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रोटरी इंटरनेशनल के 121 वर्ष पूरे होने पर ममौग्राफी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजेश जैन और डॉ अर्जुन नरूला की टीम का सहयोग रहा। शिविर में 27 महिलाओं की ममौग्राफी की गई और सभी ठीक पाई गई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया डॉ. आरके चौधरी, सचिव डा. सुनील मुंजाल व प्रधान डॉ एसएल वर्मा ने सदस्यों का स्वागत करते हुए रोटरी इंटरनेशनल के 121 वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएं दी और उन्होंने बताया की रोटरी क्लब द्वारा समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, कंबल वितरण, स्कूल में बच्चों को स्टेशनरी, जूते, स्कूलों में पौधारोपण, गरीब कन्याओं की शादी करवाना, महिलाओं को रोजगार देने के लिए सिलाई मशीन वितरित करना, जरूरतमंदों की सहायता करना मुख्य लक्ष्य है।

# संभाषण प्रतियोगिता में मंदीप को प्रथम पुरस्कार

■ एमडीयू में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ निर्णायक मंडल राजकीय महिला महाविद्यालय की डॉ. किरण शर्मा, राजकीय महाविद्यालय की डॉ. अंकिता बेनीवाल व एमडीयू के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी।

एमडीयू के अंग्रेजी विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रभावी संचार कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता और भाषाई संवेदनशीलता का विकास करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 18 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी वाक्पटुता और विचारों की सशक्त प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा मंदीप ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अपूर्व ने हासिल किया, जबकि तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से निधि और प्रीति को प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार हीना अहलावत और काजल को मिला। निर्णायक मंडल में राजकीय महिला महाविद्यालय की डॉ. किरण शर्मा, राजकीय महाविद्यालय की डॉ. अंकिता बेनीवाल तथा एमडीयू के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी शामिल रहे।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में फन-डे पर बच्चों ने की भरपूर मस्ती



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए उत्साहपूर्वक फनडे का आयोजन किया गया। परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को मानसिक व शारीरिक रूप से तरोताजा करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य और गायन-वादन की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, नाटक और संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विशेष आकर्षण कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों की प्रस्तुति 'आज स्कूल नहीं जाना मैं' रही, जिससे पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। दिनभर विद्यालय में हर्ष और उल्लास का वातावरण बना रहा। शिक्षकों का मार्गदर्शन और सहयोग भी सराहनीय रहा। सत्र 2025-26 के अंतिम दिन स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ ऐसे आयोजनों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन व शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहा।

**एक माह तक ओपीडी निःशुल्क, विभिन्न सेवाओं पर विशेष छूट की घोषणा**

# करौंथा में हवन के साथ केवीएम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ

■ अस्पताल प्रांगण में भव्य कवि सम्मेलन का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




केवीएम ग्रुप द्वारा झज्जर रोड करौंथा स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित केवीएम सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन से हुई, जिसके बाद प्रांगण में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। आसपास के अनेक गांवों से पहुंचे लोगों ने अस्पताल का निरीक्षण कर विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विधायक भारत भूषण बत्रा, विधायक शकुंतला खटक सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी कर्मवीर मायना द्वारा पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर किया गया। सांसद हुड्डा ने कहा कि अब दिल्ली और गुरुग्राम जैसी सुविधाएं रोहतक में उपलब्ध होंगी। कर्मवीर मायना ने एक माह तक ओपीडी निशुल्क रखने तथा लैब, फिजियो, आईपीडी, रेडियोलॉजी व रूम शुल्क पर विशेष छूट देने की घोषणा की। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## रोहतक की बेटी ने हरियाणवी नस्ल के गो-संवर्द्धन के लिए किए विशेष प्रयास



**रोहतक।** जिला के गांव निगाना की बेटी रेणु सांगवान ने झज्जर जिले के गांव खरमान में हरियाणा नस्ल की गायों के लिए विशेष फार्म स्थापित कर नस्ल संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं जिससे हरियाणा नस्ल को एक विशेष पहचान मिली है। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ.अशोक कुमार रंगा व हरिओम मित्तल भाली ने गांव खरमान का दौरा किया व गाय के दूध उत्पादन की पहल करने वाली गौ पालक बहन रेणु सांगवान का अभिनन्दन कर प्रोत्साहित किया । उनके कार्य की सराहना की,इस विषय पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि आज के समय में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट और रासायनिक प्रभाव के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसे में गांव खरमान की महिलाओं द्वारा हरियाणा नस्ल की शुद्ध गाय के दूध का उत्पादन करना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि बहन रेणु द्वारा बनाया गया मॉडल व इस मॉडल से उत्पादित गाय का दूध पूरी तरह प्राकृतिक है, जिसमें किसी प्रकार के हानिकारक तत्व नहीं होते और यह शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी है।

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF
SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाण-पत्रों के साथ आकर मिलें।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDFC बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
● हरियाणा सरकार
● आयुष्मान भारत
● ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**दौरा** ग्राम सचिवों समेत 42 सदस्यीय दल सोमवार को राजस्थान के लिए रवाना

# पुष्कर की कडेल और जसवंतपुरा पंचायत का रोल मॉडल जानेंगे रोहतक की पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि

■ 5 दिन का ठहराव रहेगा अजमेर में, 27 फरवरी की रात लौटेंगे, स्वच्छता और पीने के पानी के बेहतरीन प्रबंधन का अवलोकन करेंगे चौधरी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

अजमेर(राजस्थान) की पुष्कर तहसील की कडेल और जसवंतपुरा पंचायत ने साफ-सफाई और लोगों के लिए पीने के पानी को लेकर बेहतरीन काम किया है। पंचायत ने प्रशासनिक सहयोग ये दोनों काम कैसे किए हैं, इसको जानने के लिए सोमवार को रोहतक जिले के ग्राम सचिवों समेत चुने हुए प्रतिनिधियों का 42 सदस्यीय दल राजस्थान के लिए रवाना हुआ। यह दल 27 फरवरी तक इन दोनों पंचायतों का मेहमान रहेगा। दोनों पंचायतों का चयन केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने किया है। मंत्रालय का मानना है कि कडेल एवं जसवंतपुरा पंचायत ने लीक से हटकर काम किया। दल पुष्कर में 23 फरवरी के रात्रि ठहराव के उपरांत 24 को संबंधित ग्राम पंचायत का दौरा करेगा तथा वहां पर ग्राम पंचायत की कार्य प्रणाली की जानकारी हासिल करेगा। इसके उपरांत 25 को जसवंतपुरा ग्राम पंचायत का दौरा करेगा। 26 फरवरी को जनप्रतिनिधियों का यह दल अजमेर के पर्यटन स्थलों ब्रह्मा मंदिर, पुष्कर झील इत्यादि का भ्रमण करेगा



**स्वच्छता पर किया बेहतरीन कार्य:** स्वच्छता में रोल मॉडल अदा करते हुए दोनों पंचायतों ने महिला स्वयं सहायता समूहों को कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी है। ये समूह अब घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करते हैं (गीला और सूखा अलग-अलग) और उसे सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में प्रोसेस करते हैं, जिससे स्वच्छता बनी रहती है। रोहतक प्रशासन का कहना है कि राजस्थानों की दोनों पंचायतों के रोल मॉडल रोहतक जिले की उन पंचायतों में लागू किया जाएगा, जिनके सरपंचों को आज सोमवार को हमने पुष्कर भेजा है।

**पीने के पानी के भी बढ़िया इंतजाम:** दोनों पंचायतों ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल से जल पहुंचाकर और पारंपरिक जल संचयन पुनरुद्धार द्वारा पेयजल प्रबंधन के रोल मॉडल के रूप में काम किया है। सामुदायिक भागीदारी, जल कर संग्रह, जल की गुणवत्ता जांच और पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन जरूरत के मुताबिक पीने का स्वच्छ जल मरू प्रदेश में उपलब्ध कराया है।

### हमारे यहां काहनौर भी रोल मॉडल पंचायत



ध्यान रहे कि कुछ साल पहले रोहतक जिले के गांव काहनौर की पंचायत ने तत्कालीन सरपंच अमित कादयान के नेतृत्व में उल्लेखनीय काम किए थे। पूर्व सरपंच कादयान ने बताया कि उनके कार्यकाल में पंचायत को राष्ट्रीय स्तर के सात पुरस्कार मिले थे। 2 बार बाल हितेषी, 1 बार नानाजी देखमुख राष्ट्रीय गौरव ग्रामसभा अवार्ड,एक बार हमारी योजना हमारा विकास अवार्ड और हरियाणा सरकार द्वारा सेवन स्टार योजना के तहत पंचायत काहनौर को सिक्स स्टार से सम्मानित किया था। इसके बाद काहनौर पंचायत के कार्यों का अवलोकन के लिए दूसरे राज्यों के पंचायती राज संस्थाओं के चुन हुए प्रतिनिधि पहुंचे थे। रोहतक के सरपंचों को लाखों रुपये खर्च करके राजस्थान की कडेल और जसंवतपुरा गांव लेने जाने की बजाय काहनौर का ही अवलोकन कराते तो बिना पैसों के ही काम चल जाता।

**इन गांवों के सरपंच गए हैं:** लाहली,निगाना, इंद्रगढ़, चांदी, मोखराखास, बहलंबा पानरी, मदीना कोरसान, भैणी मातो, बेडवा, भैणी चंद्रपाल, बहलंबा खास, सांघी, रिठाल फोगाट, मुंगाण, कंसाला, ताजामाजरा, हमायूंपुर, गिझी,नौनंद, चुलियाना रोज, गढ़ी सांपला, गांधरा, इस्माइला 11-बी, नयाबांस और भैसरूखुर्द।

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- बाबा मस्तनाथ मठ में मेले का दूसरा दिन।
- रोडवेज कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

## खबर संक्षेप



### चौकीदारों ने खंड पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**सांपला।** चौकीदार एसोसिएशन ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर खंड पंचायत अधिकारी सीखा सहरावत को ज्ञापन दिया। प्रधान संजय चुलियाणा ने कहा कि कई गांव में चौकीदारों के पद खाली हो चुके हैं। ऐसे में गांव के व सरकार के कामों में परेशानी आ रही है। सरकार खाली पदों को भरें। इसके अलावा सरकार द्वारा जो मान देय दिया जाता है वह समय पर नहीं मिलता। जिसकी वजह से चौकीदारों को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। मृत्यु क्लेम दिया जाना चाहिए। इस मौके पर राजबीर, सुनील अशोक, धरमबीर वीरपाल आदि उपस्थित थे।

### रसीले व मौसमी फलों की मांग बढ़ी, रिटेल में रेट दोगुने

# गर्मी के साथ बढ़ने लगे फलों के दाम सब्जियों के रेट पर ज्यादा असर नहीं

तापमान में लगातार इजाफा होने और मांग बढ़ने के कारण कई प्रमुख फलों की कीमतों में 15 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गर्मी की दस्तक के साथ ही बाजार में फलों के दाम बढ़ने लगे हैं। तापमान में लगातार इजाफा होने और मांग बढ़ने के कारण कई प्रमुख फलों की कीमतों में 15 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि सब्जियों के दाम पर अभी ज्यादा असर नहीं पड़ा है और वे फिलहाल स्थिर बने हुए हैं। फल विक्रेताओं का कहना है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे रसीले और मौसमी फलों की मांग तेज हो जाती है।

सेब और अंगूर की शुरुआती आवक बाजार में शुरू हो चुकी है, लेकिन सीमित आपूर्ति के कारण इसके दाम ऊंचे बने हुए हैं। अच्छी गुणवत्ता वाले फल सौ से 150 रुपये तक तक बिक रहे है। व्यापारियों का कहना है कि जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी, कीमतों में कुछ नरमी आ सकती है। अंगूर भी 100 से 110 रुपये किलो के बीच बिक रहे हैं, जबकि पिछले महीने तक इनकी कीमत 80 से 90 रुपये किलो थी।

व्यापार मंडी के आढ़तियों के अनुसार, बढ़ती गर्मी के कारण फलों की ढुलाई और भंडारण लागत भी बढ़ जाती है। अधिक तापमान में फलों को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त इंतजाम करने पड़ते हैं, जिससे लागत बढ़ती है और उसका असर खुदरा कीमतों पर दिखाई देता है। इसके अलावा शादियों के सीजन के चलते भी मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सब्जियों की बात करें तो टमाटर, आलू, प्याज के दाम अभी स्थिर हैं। टमाटर 12 से 15 रुपये किलो, आलू 5 से 10 रुपये किलो और प्याज 15 से 22 रुपये किलो के बीच बिक रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सब्जियों की अच्छी आवक होने से कीमतों पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ा है। लोगों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ता है तथा आपूर्ति प्रभावित होती है, तो फलों के दाम में और बढ़ोतरी संभव है। फिलहाल बाजार में स्थिति संतुलित है, लेकिन उपभोक्ताओं को आने वाले हफ्तों में कीमतों पर नजर बनाए रखने की जरूरत होगी। आने वाले दिनों में करेला, भिंडी, पेठा, तोरी की सब्जी ज्यादा तादाद में मंडी में आनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद इनके रेट कम हो जाएंगे। मंडी में पंजाब, राजस्थान, अहमदाबाद, दिल्ली, यूपी के शामली और सहारनपुर से सब्जियां आ रही हैं।

### डेली सप्लाई और डिमांड पर चलती है सब्जी मंडी



*सब्जी मंडी डेली सप्लाई और डिमांड पर चलती है। कभी कोई सब्जी नहीं आ पाती तो उसका रेट बढ़ जाता है। जब पर्याप्त सब्जियां आने लगेंगी तो रेट कम हो जाएगा। इस समय फलों के दाम में बढ़ोतरी बनी हुई है। सप्लाई ज्यादा आएगी तो रेट कम हो जाएंगे।*

**-साहिल मग्गू, वरिष्ठ उपप्रधान नई फल एवं सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन**

### ये हैं सब्जियों के दाम

| सब्जी | थोक | रिटेल |
|---|---|---|
| आलू | 5-10 | 10-15 |
| प्याज | 15-22 | 20-30 |
| फूल गोभी | 6-10 | 15-20 |
| बंद गोभी | 6-8 | 15-20 |
| टमाटर | 12-15 | 20-30 |
| खीरा, पोली | 28-30 | 50-60 |
| खीरा, हाईब्रिड | 22-25 | 30-40 |
| घीया | 24-28 | 40-50 |
| बैंगन | 24-26 | 35-40 |
| शिमला मिर्च | 40-42 | 50-55 |
| गाजर | 12-15 | 20-30 |
| मटर | 20 | 35 |

### फलों की कीमतें

| फल | थोक | रिटेल |
|---|---|---|
| पपीता | 35-40 | 50-60 |
| सेब | 130-180 | 200-220 |
| अंगूर | 110 | 200 |
| केला | 50 | 80 |
| चीकू | 40 | 100 |
| किन्नू | 42 | 60 |
| संतरा | 60-70 | 120 |

*कीमतें थोक और रिटेल में रुपये प्रति किलो*



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एवीटी एवं पी.ओ स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही नरेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम नया बस स्टैंड महम के पास गश्त कर रही थी। महम-गोहाना रोड पर पावर हाउस खेड़ी महम के निकट एक युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ में युवक की पहचान मनोज उर्फ मोटू पुत्र सतबीर निवासी गांव बलंभा के रूप में हुई।

## शहर की सफाई व्यवस्था होगी मजबूत स्वच्छता को जनआंदोलन बनाएगा निगम

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत जागरूकता अभियान तेज युवाओं को बनाया जाएगा स्वच्छता दूत

**रोहतक।** नगर निगम, रोहतक स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। निगम प्रशासन अब सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, पार्कों तथा स्कूल–कॉलेजों के माध्यम से सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की रणनीति पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में निगम की टीमें प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं, ताकि यह अभियान लोगों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन सके। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम की टीम द्वारा सोमवार को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण सत्र तथा कूड़ा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना रहा। इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यशाला में प्रतिभागियों को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, उसे निगम की गाड़ी में पृथक रूप से देने तथा कचरे के वैज्ञानिक निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करने, फीडबैक देने और स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक सहभागिता की प्रक्रिया भी समझाई गई। निगम आयुक्त ने बताया कि आरआरआर की अवधारणा को अपनाकर दैनिक जीवन में कचरा कम करने और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उनका कहना है कि शिक्षण संस्थान समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम हैं और छात्र-छात्राएं स्वच्छता का संदेश अपने परिवार और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचाकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है तथा मामले की गहन जांच जारी है। थाना पुरानी सब्जी मंडी प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि प्रवेश नगर निवासी यश की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 21 फरवरी को करीब 12:30 बजे उसने साहसी चौक के पास श्मशान घाट के नजदीक अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी। कुछ समय बाद वापस लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक सुनील द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 फरवरी को ही आरोपी मंजीत पुत्र राजेंद्र निवासी भालौठ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## 28 से एक मार्च तक लाडवा में कृषि विकास मेला

**रोहतक।** कृषि विज्ञान केंद्र की संयोजक डॉ. मीना सिवाच ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में किया जाएगा। इसका मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है। किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। डॉ. सिवाच ने कहा कि मेले के दौरान कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत किस्म के बीजों तथा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों के लिए मिट्टी एवं पानी के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रोग ग्रस्त फसलों की जांच एवं निदान, फसल प्रतियोगिता, गृह विज्ञान संबंधी जानकारी तथा कृषि विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया जाएगा।

### नियमित कक्षाएं लगाने के निर्देश

# फुल फॉर्म में दिखे नए वीसी हॉस्टल की व्यवस्था जांची, कक्षाओं का दौरा किया



रोहतक। कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शैक्षणिक अनुशासन और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को कई विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ विभागों में शिक्षकों के कक्ष बंद मिले, जबकि कई कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। कुलपति ने नियमित कक्षाएं संचालित करने और विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश जारी किए। इस दौरान डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक भी उनके साथ मौजूद रहे।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विभिन्न विभागों में चल रही कक्षाओं का निरीक्षण कर अध्यापन व्यवस्था, उपस्थिति रजिस्टर और समय-सारिणी की समीक्षा की। जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित विभागाध्यक्षों से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की साख नियमित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि कक्षा में शिक्षकों और विद्यार्थियों- दोनों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक समस्याओं, पाठ्यक्रम की प्रगति और बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने भी खुलकर अपनी बातें रखीं। कुलपति ने आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाएगा।

## सत्य की खोज ही शोध : प्रो. सोमनाथ



रोहतक। आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के स्वराज सदन में सोमवार को सात दिवसीय शोध कार्यशाला प्रारम्भ हुई। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कहा कि सत्य की खोज का नाम ही शोध है। जो अनजान है, उसे जानने, समझने और प्रमाणित करने की प्रक्रिया ही शोध है। उन्होंने कहा कि बिना शोध के ज्ञान अधूरा है। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को नॉलेज ग्लोबल पावर बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब शोध भारतीय दृष्टि और इंडियन नॉलेज सिस्टम से जुड़कर किया जाए। कुलपति ने शोधार्थियों को थ्री सी- क्यूरोसिटी (जिज्ञासा), क्रिटिकल थिंकिंग (आलोचनात्मक चिंतन) और क्रिएटिविटी (रचनात्मकता) का मंत्र दिया। जिज्ञासा प्रश्न खड़े करती है, आलोचनात्मक सोच तथ्यों की परख करती है और रचनात्मकता नए समाधान प्रस्तुत करती है। इन तीनों के समन्वय से ही प्रभावी, मौलिक और समाजोपयोगी शोध संभव है। कुरुक्षेत्र विवि के कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. महाबीर सिंह नरवाल ने आज बतौर रिसोर्स पर्सन शोध के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। डॉ. प्रियंका यादव ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर डीन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स तथा इस कार्यशाला के कन्वीनर प्रो. राजपाल, निदेशक चौ. रणबीर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ़ इकनोमिक एंड सोशल चेंज प्रो. संदीप मलिक, निदेशक जनसम्पर्क प्रो. आशीष दहिया, डॉ. श्रीभगवान, डॉ. रवि प्रभात, सुनित मुख़र्जी, डॉ. मनोज सिंधु, डॉ. कपिल मल्होत्रा, डॉ. नरेश कुमार, समेत शिक्षक और प्रतिभागी शोधार्थी उपस्थित रहे।

## छात्रावास में आरओ के लिए बजट जारी करने की मांग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बॉयज हॉस्टल परिसर का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग के शोधार्थी कपिल के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से संवाद करके छात्रावास से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रावास में खराब पड़े आरओ को तत्काल ठीक कराने तथा मेस कर्मियों की ड्रेस हेतु बजट जारी करने की अपील की। छात्रों ने अवगत कराया कि आरओ खराब होने के कारण पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे विद्यार्थियों को असुविधा हो रही है। इस संबंध में बॉयज हॉस्टल के चीफ वार्डन प्रो. सुधीर कुमार ने आश्वासन दिया कि जिन मेस कर्मियों को आठ महीने से अधिक समय से कार्यरत हुए हैं, उनकी ड्रेस के लिए बजट जल्द जारी किया जाएगा। कुलपति के साथ कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत भी मौजूद रहे। दोपहर करीब दो बजे कुलपति छात्र हॉस्टल परिसर स्थित कैलाश बॉयज हॉस्टल पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुलपति स्टूडेंट मेस में पहुंचे और दोपहर का भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वाद, पोषण स्तर और स्वच्छता मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया।




### जरूरत वाली जगहों पर लगेंगी नई स्ट्रीट लाइटें, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

जहां लाइटें पहले से ठीक हैं उन्हें बदला नहीं जाएगा

# 33 करोड़ से शहर की गलियों का अंधेरा दूर होगा, 22 वार्डों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सड़कों, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में अब अंधेरे की समस्या जल्द ही बीते दिनों की बात होने वाली है। लगभग 33 करोड़ रुपये की लागत से रोहतक शहर के सभी 22 वार्डों की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पूरे नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों का सर्वे कर आवश्यकतानुसार नई लाइटें लगाई जाएंगी और खराब लाइटों को बदला जाएगा। नगर निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जहां स्ट्रीट लाइटें पहले से ठीक स्थिति में हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से नहीं बदला जाएगा। केवल उन्हीं स्थानों पर नई लाइटें स्थापित की जाएंगी, जहां रोशनी की कमी है या लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इससे न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि जरूरत वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता भी मिलेगी। योजना का एक अहम हिस्सा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का समाधान भी है। जिन इलाकों से लगातार स्ट्रीट लाइट खराब होने या पर्याप्त रोशनी न होने की शिकायतें मिल रही हैं, वहां विशेष टीम भेजकर जांच की जाएगी और शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का उद्देश्य है कि लोगों को बार-बार शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े और समयबद्ध तरीके से समस्याओं का निपटारा हो। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा मॉनिटरिंग सिस्टम भी मजबूत किया जाएगा।

### ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता



*इस परियोजना में ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे बिजली की बचत भी होगी और रखरखाव की लागत में कमी आएगी। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंधेरे वाले स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। मॉनिटरिंग सिस्टम भी मजबूत किया जाएगा, ताकि खराब लाइटों की सूचना मिलते ही मरम्मत या बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो सके।*

**-नमिता कुमारी, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम**

### बिजली की बचत होगी

इस परियोजना में ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे बिजली की बचत भी होगी और रखरखाव की लागत में कमी आएगी। नगर निगम का मानना है कि यह परियोजना शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। 33 करोड़ रुपये की इस योजना से रोहतक न केवल रोशन होगा, बल्कि सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत करेगा।

### रात में सुरक्षित होगा आवागमन

नई और आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगने से शहर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और रिहायशी कॉलोनियों में रात के समय बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी। इससे राहगीरों, कामकाजी लोगों, विद्यार्थियों और वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंधेरे वाले स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। बेहतर रोशनी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की भी उम्मीद है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगेगा, क्योंकि पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था से निगरानी आसान होगी।

### आउटर कॉलोनियों को मिलेगा फायदा

आउटर में बनी कुछ कॉलोनियां निगम द्वारा पास की जा चुकी हैं। पहले वह अवैध थी, लेकिन उनमें निर्माण कार्य ज्यादा होने के बाद सरकार ने ऐसी कॉलोनियों की सूची मांगी थी। जो की एक साल पहले पक्की की गई। ऐसे में उन कॉलोनियों को भी लाइटों की सौगात मिलेगी। पार्षदों द्वारा मांगे गए एजेंडों में भी लाइटें मांगी गई हैं। जो की वार्डों में लगाई जाएगी। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और गलियों को अंधेरा दूर होगा।